तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार 6 जून 2026

10 बुखार से पीड़ित 22 के रक्त सैंपल लेकर जांच...



10 विवि को अंतरराष्ट्रीय बुलंदियों पर ले जाना मुख्य....



## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त अध्यापक पर हमला करने पर केस

**जींद।** गांव जाजवान में कहासुनी के चलते सेवानिवृत्त अध्यापक पर हमला कर घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव जाजवान निवासी सुरेश कुमार ने बताया कि वह शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त अध्यापक है। उसकी गांव के ही कप्तान से कहासुनी हो गई थी। घर लौट रहा था तो कप्तान परिवार ने घेर लिया और हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटे आई। आसपास के लोगों ने उसे हमलावरों की चंगुल से छुड़वाया।

### रंजिशन हमला करने पर छह नामजद

**जींद।** गांव डिडवाड़ा में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव डिडवाड़ा निवासी सुभाष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पड़ोसी रिषी परिवार से रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते रिषी परिवार ने उसके पिता जिले सिंह पर हमला कर दिया। जिसमें उसके पिता को गंभीर चोटें आई। सदर थाना सफीदों पुलिस ने सुभाष की शिकायत पर आरोपित दीपक, काला, प्रिंस, सुमित, बिट्टू, सुनीता के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर में घुस मारपीट करने पर चार के खिलाफ केस

**जींद।** गांव शादीपुर में घर में घुस कर मारपीट करने पर जुलाना थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव शादीपुर निवासी प्रियवृत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी गांव के ही राजेश से रंजिश चल रही है। उसी रजिश के चलते कहासुनी के बाद राजेश परिवार ने उनके घर में घुस कर हमला कर दिया। जिसमें उसके परिवार के लोगों को चोटें आई। जुलाना पुलिस ने प्रियवृत की शिकायत पर राजेश, शीलू, राजेश का भाई, सुधीर तथा कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मकान से मिस्त्री ले उड़ा सोने के जेवरात

**जींद।** लोको कालोनी में जिस मिस्त्री से गहने रखने के लिए गुप्त जगह बनवाई वहीं मिस्त्री सोने के जेवरात लेकर फरार हो गया। शहर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर मिस्त्री के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लोको कालोनी निवासी नीरू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके घर में निर्माण कार्य चला हुआ था। टाइल लगवाते समय काम करने वाले मिस्त्री रणबीर से गहने रखने के लिए गुप्त जगह बनवाई थी।

### दुकान का ताला तोड़कर नकदी और सामान चोरी

**जींद।** गांव फरैण कलां में बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर मशीन, गैस सिलेंडर तथा 5200 रुपये की नगदी चुरा ली। सदर थाना नरवाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव फरैण कलां निवासी आशीष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव में जूस की दुकान की हुई है। बीती रात चोरों ने दुकान से दो मशीन, गैस सिलेंडर तथा 5200 रुपये की नगदी चोरी कर ली। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण

**जींद।** युवती को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। जब शादी के लिए दबाव डाला तो आरोपित ने मना कर दिया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। गढ़ी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गढ़ी थाना इलाके की एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के ही संदीप ने उसे झांसें में देकर अपने प्यार में फांस लिया। आरोपित ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ अश्लील हरकत करने की कोशिश की।

### 21 जून को होने वाली नीट परीक्षा को लेकर तैयारी शुरू

# छह केंद्रों पर तीन हजार 18 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

परीक्षा को लेकर जींद प्रशासन पूरी तरह अलर्ट अनियमितता रोकने के लिए इंतजाम किए जाएं

### परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर एडीसी ने अधिकारियों संग किया मंथन

**परीक्षा को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी**



नीट परीक्षा को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते एडीसी प्रदीप कुमार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आगामी 21 जून को दोपहर बाद दो बजे से पांच बजकर 15 मिनट तक आयोजित होने वाली नीट परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां तेज कर दी हैं। नीट परीक्षा को लेकर जिले में कुल छह परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। जहां तीन हजार 18 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इनमें राजकीय कॉलेज में 600 परीक्षार्थी, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद ब्लॉक में 594 और सीवी रमन ब्लॉक में 528 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की है। भारत सिनेमा के पास स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 408 परीक्षार्थी, स्थानीय डिफेंस कॉलोनी स्थित गर्ल्स मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 312 परीक्षार्थी, पीआईजी कॉलेज फॉर वूमेन में 576 परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा दिलवानी सुनिश्चित की है। एडीसी प्रदीप कुमार ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीसी ने बताया कि सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से रहते पूरी कर ली जाएं ताकि किसी भी परीक्षार्थी को कोई असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, बैठने की उचित व्यवस्था और साफ.सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके साथ ही बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो। पुलिस विभाग के अधिकारियों को कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में महिला व पुरुष पुलिस बल की तैनाती की जाए और किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकने के लिए सख्त इंतजाम किए जाएं। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दूरदराज से आने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बस अड्डा से परीक्षा केंद्रों तक सीटी बसों व अन्य यातायात साधनों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर प्राथमिक चिकित्सा सुविधा एम्बुलेंस के साथ उपलब्ध करवाई जाए तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीम तैयार रखी जाए। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी निगरानी बायोमैट्रिक सत्यापन तथा अन्य आवश्यक तकनीकी प्रबंध समय रहते पूरे हो। एडीसी ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश देते कहा कि समय-समय पर तैयारियों की समीक्षा की जाए ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। परीक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम सत्यवान मान, सीटीएम मोनिका रानी, जीएम रोडवेज राहुल जैन, डीएसपी संदीप कुमार, जिला नोडल अधिकारी एनटीए सुरेंद्र सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**एक दिन पहले करें परीक्षा केंद्र का दौरा**

एडीसी ने परीक्षार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वे परीक्षा से एक दिन पहले अपने परीक्षा केंद्र का दौरा अवश्य कर लें ताकि परीक्षा वाले दिन उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दिन 01: 15 पर सभी सेंटर खुल जाएंगें। लिहाजा परिक्षार्थियों के लिए समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचना बेहद जरूरी है। क्योंकि बायोमैट्रिक वेरिफिकेशन सहित अन्य प्रक्रियाएं समय पर पूरी करनी होती हैं। एडीसी ने कहा कि परीक्षार्थी अपने साथ केवल एडमिट कार्ड और वैध पहचान पत्र ही लेकर आएं। इसके अलावा कोई भी इलेक्ट्रोनिक उपकरण, गैजेट या अन्य प्रतिबंधित वस्तु परीक्षा केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि हिदायत अनुसार परीक्षा केन्द्रों पर मीडिया कर्मियों व बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा।



जुलाना। पौली गांव में जांच करते पुलिस कर्मी। फोटो :हरिभूमि

## गांव पौली से 40 घंटे से लापता मासूम का शव तालाब में मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना क्षेत्र के पौली गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। गांव के तालाब में एक अढाई वर्षीय मासूम के डूबने से मौत हो गई। मासूम बच्चा 40 घंटे से लापता था। जानकारी के अनुसार पौली गांव निवासी अढाई वर्षीय कार्तिक बुधवार शाम करीब छह बजे अपने घर के पास स्थित तालाब के निकट खेल रहा था। कुछ समय बाद वह अचानक लापता हो गया। परिजनों ने आसपास के क्षेत्र में उसकी तलाश की लेकिन जब उसका कोई पता नहीं चला तो ग्रामीणों ने आशंका जताई कि बच्चा तालाब में गिर गया है।

घटना की सूचना तुरंत जुलाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से बच्चे की खोज शुरू कर दी। देर रात तक तालाब और उसके आसपास के क्षेत्र में तलाश अभियान चलाया गया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने गोताखोरों की टीम को मौके पर बुलाया। गुरुवार अल सुबह से ही गोताखोर तालाब में बच्चे की तलाश में जुटे रहे लेकिन कोई सुराग नही लगा। बड़ी संख्या में ग्रामीण भी तालाब के आसपास एकत्रित हैं। 40 घंटे के बाद मासूम का शव तालाब में तैरता मिला है। रात से ही तालाब को खाली किया जा रहा था। सूचना मिलते ही डीएसपी रिषभ सोढ़ीए थाना प्रभारी कुलदीप सिंह मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जींद के सामान्य अस्पताल में भिजवा दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

**इकलौता चिराग बुझा**

पौली निवासी मृतक मासूम के पिता आतिश ने बताया उसके घर में ढाई साल का लड़का था और एक छह माह की लड़की है। कार्तिक की मौत के बाद घर का चिराग बुझ गया। पूरे गांव में मातम का माहौल बना है।

## शिव कॉलोनी के पास ड्रेन में तैरता मिला बुजुर्ग का शव

▪ मृतक की पहचान हिसार के गांव खांडा खेड़ी के रमेश के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के बलराज नगर स्थित शिव कालोनी के निकट शुक्रवार सुबह बुजुर्ग का शव ड्रेन में तैरता मिलने से सनसनी फैल गई। वहां से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान हिसार जिले के गांव खांडा खेड़ी के 60 वर्षीय रमेश के रूप में हुई है, जो करीब 20 साल से कैथल के सुभाष नगर में किराये के मकान में रह रहा था। आशंका जताई जा रही है कि बुजुर्ग की मौत शराब के नशे में ड्रेन में गिरने से हुई है। बताया जा रहा है कि मानसिक रूप से भी परेशान रहता था और शराब का आदी था। जानकारी अनुसार रमेश मंगलवार रात जनकपुरी कॉलोनी की तरफ से बलराज नगर क्षेत्र में आया था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह ड्रेन में जा गिरा। सुबह लोगों ने ड्रेन में शव पड़ा देखा तो मामले की सूचना पुलिस को दी।

## नंदू गैंग से जुड़ा एक और आरोपी गिरफ्तार

▪ मामले में पहले ही 5 आरोपी किए जा चुके गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने नंदू गैंग से जुड़े एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 13 मार्च को स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट के एचसी हरीश कुमार की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुंडरी से फरल रोड पर सिरसा ब्रांच नहर पुल के पास से आरोपी गांव नैना का करण उर्फ अंकुश व सौरभ उर्फ बाबा तथा गांव जलमाणा जिला करनाल निवासी सुमित उर्फ सिमी के रूप में हुई है। जांच के दौरान आरोपी करण के कब्जे से देशी पिस्तौल .32 बोर व 6 जिंदा कारतूस, आरोपी सौरभ के कब्जे से देशी पिस्तौल .32 बोर व 5 जिंदा कारतूस तथा आरोपी सुमित के कब्जे से दो मैगजीन व 4 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके अलावा आरोपियों के पास से तीन फोन और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया था कि वे गैंग लीडर कपिल सांगवान उर्फ नंदू व उसके सहयोगी साहिल के कहने पर गैंग के अन्य सदस्यों से हथियार लेकर वारदात के बाद उन्हें आगे पहुंचाने का काम करते हैं। पूछताछ में सामने आया था कि नंदू गैंग दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान व पंजाब में फिरौती, सुपारी किलिंग, जमीन कब्जे व अवैध हथियार सप्लाई जैसी संगठित आपराधिक गतिविधियों में शामिल रही है।

**न्यायिक हिरासत में भेजा**

आरोपियों के खिलाफ थाना पूंडरी में मामला दर्ज किया गया। मामले की आगामी जांच स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में एएसआई तरसेम कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव नैना के अमन को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त मामले में इससे पूर्व 5 आरोपी काबु किए जा चुके है। आरोपी अमन उक्त गिरोह में शामिल था तथा उक्त गिरोह में पैसों का लेनदेन करता था। आरोपी इससे पूर्व किसी अन्य मामले में दिल्ली तिहाड़ जेल में बंद था। जिसकी उक्त मामले में गिरफ्तारी के लिए माननीय न्यायालय की मार्फत प्रोडक्शन वारंट जारी करवाए गए थे। आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### कैथलः अवैध पिस्तौल सहित आरोपी दबोचा

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव युनिट ने आरोपी को 315 बोर अवैध देसी कट्टा सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील की अगुवाई में एचसी अनिल की टीम गश्त दौरान गुहला पर मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से टीम को जानकारी मिली कि गांव अगौंध निवासी सुचेत सिंह खरंका मोड सरकारी अस्पताल गुहला के पास किसी के इंतजार में खड़ा हैं जिसके पास अवैध असला हैं। पुलिस ने खरंका मोड़ सरकारी अस्पताल गुहला के पास दबिश दी गई। संदिग्ध लड़के ने पुलिस को देख भागने का प्रयास किया जिसको पुलिस टीम ने काबू कर लिया गया। आरोपी की पहचान अगौंध निवासी सुचेत सिंह उर्फ चेतु के रूप में हुई। जांच दौरान आरोपी के कब्जे से 315 बोर देसी कट्टा बरामद हुआ।

### जेई के निलंबन के विरोध में किया प्रदर्शन

**पूंडरी।** बिजली निगम कर्मचारी यूनियन पूंडरी यूनिट के आह्वान पर कर्मचारियों ने सब-डिवीजन नंबर-1 कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कार्यकारी अभियंता द्वारा जूनियर इंजीनियर को निलंबित किए जाने के विरोध में रोष व्यक्त किया और इस कार्रवाई को कर्मचारी हितों के खिलाफ बताया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि राजीव सब-डिवीजन में कार्यरत जे.ई. राकेश कुमार को निलंबित किया गया है। उनका कहना है कि निगम के विभिन्न सब-डिवीजनों में पहले से ही कर्मचारियों की भारी कमी बनी हुई है, इसके बावजूद कर्मचारियों को बार-बार चार्जशीट और निलंबन जैसी कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है, जिससे कर्मचारियों में गहरा असंतोष है। इस अवसर पर रणधीर प्रधान, सुशील प्रधान, कैशियर राजिंदर मौजूद रहे।



हरियाणा समाज कल्याण बोर्ड के चेयरमैन का पदभार ग्रहण करते कैप्टन योगेश बैरागी।

### कै.योगेश बैरागी ने चेयरमैन का कार्यभार संभाला

**जुलाना।** जुलाना हलके से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी ने चंडीगढ़ सैक्टर 17डी स्थित हरियाणा राज्य समाज कल्याण बोर्ड कार्यालय में चेयरमैन पद का विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्रीगण, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी। पदभार ग्रहण करने के उपरांत कैप्टन ने कहा कि वे इस दायित्व को सम्मान नहीं बल्कि सेवा और उत्तरदायित्व का अवसर मानते हैं। उन्होंने शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद देते कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंत्योदय के संकल्प तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जनकल्याण के विजन को आधार बनाकर समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूर्ण निष्ठा पारदर्शिता और समर्पण के साथ कार्य किया जाएगा।

## गांव ढांड का निकासी पानी कौल की ड्रेन में डालने के लिए प्रारंभ किए कार्य का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड



गांव ढांड का पानी कौल में छोड़े जाने पर विरोध जताते ग्रामीण।

गांव कौल में ढांड की निकासी का पानी कौल की ड्रेन में डालने के लिए चल रहे कार्य का ग्रामीणों ने विरोध करते काम रुकवा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस संबंध में स्थानीय लोगों से कोई सहमति नहीं ली जबकि कार्य पिछले दो दिनों से जारी था। शुक्रवार को पूर्व सरपंच गुलाब सिंह व ग्रामीण मौके पर पहुंचे व कार्य पर आपत्ति जताई। ग्रामीणों का कहना था कि ढांड का निकासी पानी कौल की ड्रेन में छोड़े जाने से गांव में विभिन्न समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, इसलिए इस योजना को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। सूचना मिलने पर पब्लिक हेल्थ विभाग के एसडीओ जगदीश कुमार टीम के साथ पहुंचे और ग्रामीणों से बातकी। ग्रामीणों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी आपत्तियां रखते हुए कार्य बंद करने की मांग की। विरोध के बाद संबंधित कार्य को फिलहाल रोक दिया गया। पूर्व सरपंच गुलाब सिंह एवं अन्य ग्रामीणों ने कहा कि वे किसी भी सूरत में ढांड की निकासी का पानी कौल की ड्रेन में नहीं जाने देंगे। उन्होंने कहा कि यदि ग्रामीणों की आपत्तियों को नजरअंदाज कर दोबारा कार्य शुरू किया गया तो क्षेत्र में तनाव और विवाद की स्थिति पैदा हो सकती है। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसी किसी भी अप्रिय स्थिति की जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित ठेकेदार की होगी।

**स्थायी समाधान निकालें**

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि मामले का स्थायी समाधान निकाला जाए तथा गांवों के लोगों की राय लेने के बाद ही कोई निर्णय लिया जाए। विरोध के दौरान ग्रामीणों और अधिकारियों के बीच काफी देर तक चर्चा हुई। अधिकारियों ने ग्रामीणों की मांगों को संबंधित उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

### जिला परिषद सदस्य मैनेजर कश्यप ने किया शुभारंभ,जलभराव से मिलेगी राहत

# रसूलपुर गामड़ी में 19.50 लाख से बनेगा कवर्ड सीवरेज नाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन



जिप सदस्य मैनेजर कश्यप का स्वागत करते पंच जयपाल व अन्य ग्रामीण।

क्षेत्र के गांव रसूलपुर गामड़ी में विकास कार्यों की कड़ी को आगे बढ़ाते 19.50 लाख रुपये की लागत से बनने वाले कवर्ड सीवरेज नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य मैनेजर कश्यप ने नारियल फोड़कर किया। नाला निर्माण कार्य शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि इस परियोजना के पूरा होने के बाद बरसात के दिनों में होने वाली जलभराव की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान गांव पहुंचने पर जिला परिषद सदस्य मैनेजर कश्यप का सरपंच प्रतिनिधि निर्मल सिंह तथा ग्रामीणों ने फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने गांव में करवाए जा रहे विकास कार्यों के लिए उनका आभार भी जताया। जिला परिषद सदस्य मैनेजर कश्यप ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विकास उनकी प्राथमिकता है। कहा कि रसूलपुर गामड़ी में लंबे समय से जल निकासी की समस्या बनी हुई थी। बरसात के दौरान कई स्थानों पर पानी जमा होने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों की मांग और आवश्यकता को देखते हुए 19.50 लाख रुपये की ग्रांट उपलब्ध करवाई है, जिससे कवर्ड सीवरेज नाले का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नाले के ऊपर स्लैब लगाकर इसे पूरी तरह कवर किया जाएगा। इससे न केवल जल निकासी व्यवस्था मजबूत होगी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि निर्मल सिंह, ठेकेदार सुरेंद्र कुमार, वकील गुर्जर, भाजपा नेता मास्टर मेवा राम, गुरमेल सिंह, बग्गा राम, डॉ. सुरेंद्र, चंदा राम, कृष्ण गुर्जर, धीरा राम, काला राम, बचना राम, अजय, विकास, भूरिया, कालू, कर्मा, धर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



उचाना। बारिश के मौसम से पहले अनाज मंडी में मेनहॉल की सफाई करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### मानसून से पहले मेनहॉल की सफाई का कार्य शुरू

**उचाना।** बारिश के मौसम से पहले पुरानी मंडी, कपास मंडी, फायर बिग्रेड के पास अतिरिक्त मंडी पर बारिश के पानी की निकासी को लेकर बनाए गए मेनहॉलों की सफाई की गई। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने बीते दिनों निर्देश दिए थे कि बारिश के मौसम से पहले पुख्ता प्रबंध पानी निकासी के हो ताकि बारिश के बाद जलभराव मंडी में न हो। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि अनाज मंडी में देवेंद्र चतरभुज अत्री के विधायक बनने से पहले कुछ देर की बारिश में जलभराव हो जाता था। यहां पर विधायक के निर्देश के बाद 50 हॉर्सपॉवर की मोटर रखी गई जिससे पानी की निकासी साथ-साथ होने से जलभराव की जो समस्या 30 साल से थी उसका समाधान हुआ। अब बारिश के मौसम से पहले जितने भी मेनहॉल है मंडी में है सबकी सफाई की जा रही है ताकि बारिश के बाद जलभराव मंडी में न हो। छोटे से लेकर बड़े काम पर नजर विधायक रखते है ताकि लोगों को समस्या न हो।

## खबर संक्षेप

### जूनियर रग्बी टीमों का चयन ट्रायल सात को

**जींद।** भारतीय रग्बी फुटबॉल यूनियन द्वारा हरियाणा की अंडर 18 बालक एवं बालिका रग्बी टीमों के चयन के लिए राज्य स्तरीय ट्रायल सात जून को सिवाह स्थित फुटबॉल मैदान पानीपत में आयोजित किए जाएंगे। चयनित खिलाड़ी जुलाई में हैदराबाद में आयोजित होने वाली जूनियर नेशनल रग्बी 7एस चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला रग्बी संघ के प्रधान सुरेश अहलावत ने जानकारी देते हुए बताया कि खिलाडिय़ों की रिपोर्टिंग सुबह साढ़े आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक होगी। जबकि चयन प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शुरू होगी। ट्रायल में वर्ष 2008 और 2009 में जन्मे खिलाड़ी भाग ले सकेंगे।

### जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक आज

**जींद।** जिला कांग्रेस कमेटी जींद की मासिक बैठक शनिवार को प्रातः 11 बजे कांग्रेस कार्यालय जींद में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर करेंगे। जबकि हरियाणा कांग्रेस के सह प्रभारी जितेंद्र बघेल मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कांग्रेस के जिला कार्यालय प्रभारी ईशाक खान भट्टी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने, (वोटों की गहनता से जांच) आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके अलावा पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के संबंध में भी विचार-विमर्श होगा।

### गोबिंदपुरा में ली कचरा प्रबंधन की जानकारी

**जींद।** जीवन में पर्यावरण, पेड़ और पानी का संरक्षण बहुत जरूरी है। क्योंकि ये मानव जीवन का आधार है। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में गांव गोविंदपुरा में आयोजित ग्राम सभा को संबोधित करते हुए कही। दूसरी ओर जिले की सभी 300 ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्राम सभा में जल संरक्षण व स्वच्छता पर जोर दिया गया। इस मौके पर ग्राम सभा की अध्यक्षता सरपंच कंवलजीत ने की। रणधीर मताना ने कहा कि विश्व में हर साल पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**जींद।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाईए 2026 तक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवार्ड जीओवी डॉट पर आवेदन किए जा सकते हैं। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के तहत बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेलकूद, कला और संस्कृति, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 31 जुलाई तक 18 वर्ष की हो को ही पुरस्कार प्रदान किये जाते है।

### डॉ. वैशाली शर्मा को भेंट की माता भ्रामरी की तस्वीर



डीसी डॉ. वैशाली शर्मा को माता भ्रामरी की फोटो भेंट करते पं. दीपक बुडायन।

**उचाना।** जींद में पहली महिला डीसी के तौर पर डॉ. वैशाली शर्मा ने कार्यभार संभाला। भाजपा नेता पं. दीपक बुडायन ने मुलाकात कर उनका जींद में कार्यभार संभालने पर स्वागत किया। माता भ्रामरी की तस्वीर, माता की चुनरी भेंट कर उनका स्वागत किया।

---

### मौसमी बीमारियों से बचाव को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों ने चलाया अभियान

# बुखार से पीड़ित 22 के रक्त सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे

### जागरूकता के साथ घर व आसपास सफाई से ही बीमारियों से मिलेगा छुटकारा

**घरों के आसपास पानी में की लार्वा की जांच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। रक्त के सैंपल लेते स्वास्थ्य कर्मी। फोटो :हरिभूमि



जींद। पानी में लार्वा की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

गर्मी व बरसात के मौसम मे होने वाली डायरिया, हैजा व पीलिया जैसी बीमारियों एवं मच्छरजनित रोगों से निजात पाने के लिए स्वास्थ्य कर्मचारियों ने शहर के हनुमान नगर, देवीलाल नगर, अपराही मोहल्ला, कानूनगो मोहल्ला, दुर्गा कालोनी, टपरीवास कालोनी, शीतलपुरी कालोनी, शिवपुरी कालोनी सहित दर्जनभर कालोनियों में घर-घर जाकर लोगों को इन बीमारियो से बचाने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मच्छरजनित रोगों के अलावा गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव की जानकारी देने के अलावा दूषित पानी से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए पानी साफ करने वाली गोलियां, ओआरएस भी वितरित किए और पीने के पानी के सैंपल लेकर जांच के लिए भिजवाए। इस दौरान अनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत महिलाओं व बच्चों के साथ-साथ बुजुर्गों के खून की मात्रा एवं मधुमेह जैसी बीमारियों की जांच भी की गई और 22 बुखार से पीड़ित लोगों की जांच के लिए रक्त के नमूने भी लिए। स्वास्थ्यकर्मियों ने घर-घर जाकर लोगों को बताया कि प्रत्येक व्यक्ति यदि थोड़ी सी सावधानी करके अपने घर तथा आसपास की सफाई करते हुए गड्ढों, खाली पड़े टायरों व गमलों आदि में गंदा पानी खड़ा न होने दे, पानी के बर्तनों को ढक कर रखे, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करे, सप्ताह में एक बार कूलर, फूलदान, पशु व पक्षियों के पानी के बर्तनों तथा हौदी को सुखा कर ही भरे तो डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया के अलावा डायरिया, हैजा व पीलिया जैसी भयानक बीमारी से लोगों को बचाया जा सकता है। उन्होंने लोगों को बताया कि यदि सर्दी व कंपन के साथ तेज बुखार, उल्टियां लगने, गर्मी लगने, बुखार एक दिन छोड़ कर दूसरे दिन आने, उल्टी दस्त होने, शरीर में कमजोरी आने पर मरीज को तुरंत अपने आसपास के स्वास्थ्य केंद्र या स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पास ले जाकर खून की जांच करवाने के उपरांत ही ईलाज लेना चाहिए। जिला स्वास्थ्य निरिक्षक राममेहर वर्मा ने बताया कि जिस तरह पिछले सालों में डेंगू के डंक ने लोगों को सताया था, उससे सावधान रहते हुए सभी लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जागरूकता व अपने घर व आसपास सफाई रखने से ही बीमारियों पर काबू पाया जा सकता है। अभियान में मुख्य रूप से स्वास्थ्यकर्मी विनोद, देवेंद्र, ओमप्रकाश, दिनेश, गुरनाम, अमरजीत, राजरानी, सीता देवी, पूनम, दर्शना, अंजू, सुमन, राधा, उर्मिला, सविता, अशमीना, सोनिया, शीला, मंजू, मुकेश, नीलम, रानी, मुकेश कुमारी, आरती, सोनिया आदि शामिल रहे।

---



जींद। पदभार संभालते वीसी कुलपति प्रो. रामपाल सैनी।

## विवि को अंतरराष्ट्रीय बुलंदियों पर ले जाना मुख्य लक्ष्य: वीसी

■ सीआरएसयू कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी के जींद आगमन पर भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सरकार द्वारा नवनियुक्त कुलपति प्रो. रामपाल सैनी का चौधरी रणबीर सिंह विवि का कार्यभार संभालने के पश्चात आज जींद आगमन पर शहर के अनेक गणमान्य लोगों, शिक्षाविदों और मौजिज नागरिकों ने फूलमालाओं व बुके भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने उनके सफल एवं उज्जवल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर पत्रकारों से विशेष बातचीत करते हुए नवनियुक्त कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया और विवि के विकास का पूरा खाका सामने रखा। अपनी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते कुलपति प्रो. रामपाल सैनी ने कहा कि नियुक्ति के लिए वो मुख्यमंत्री और कुलाधिपति राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष का आभार व्यक्त करता हैं। जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताते ऐतिहासिक विवि की अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। वो पूरी प्रतिबद्धता के साथ उनके इस अटूट विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। कुरुक्षेत्र विवि की तर्ज पर जींद विवि को चमकाने के सवाल पर कुलगुरु ने कहा कि इस विवि में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य इस संस्थान को अंतरराष्ट्रीय स्तर की बुलंदियों पर ले जाना है। हम शोध (रिसर्च) नवाचार (इन्नोवेशन) और कौशल विकास पर विशेष जोर देंगे ताकि हमारे यहां के विद्यार्थियों को देश व विदेश में अधिक से अधिक प्लेसमेंट मिल सके। नई यूनिवर्सिटीज को लेकर सरकार का दृष्टिकोण भी बेहद सकारात्मक है व विद्यार्थियों को हर संभव आधुनिक सुविधाएं व साधन उपलब्ध कराए जाएंगे। विवि में शैक्षणिक स्टाफ की कमी और पक्के प्राध्यापकों की जरूरत पर बोलते कुलपति ने युवाओं और शिक्षा जगत के लिए बड़ी घोषणा की। बताया कि सरकार की ओर से नियुक्तियों के लिए हरी झंडी मिल चुकी है। बहुत जल्द ही विवि में नियमित प्राध्यापकों व अन्य स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ शुरू कर दी जाएगी।

---

### मताधिकार के प्रति सजग रहना चाहिए

**जींद।** सफीदों विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना चाहिए तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि को समय रहते ठीक करवाना आवश्यक है। लोकतंत्र में मतदान केवल अधिकार ही नहीं बल्कि एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार के प्रति सजग रहना चाहिए। सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम शुक्रवार को सफीदों स्थित सैनी धर्मशाला में एसआईआर अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की बैठक ली। उन्होंने कार्यकर्ताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में सहयोग देने के लिए आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया का आधार है।



जींद। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विधायक रामकुमार गौतम।



जींद। अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी प्रदीप कुमार। फोटो :हरिभूमि

### शिकायतों का तय समय में करें हल

**जींद।** एडीसी प्रदीप कुमार ने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान का सशक्त माध्यम हैं। सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते शिविरों में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा में समाधान सुनिश्चित करें ताकि नागरिकों को सरकारी सेवाओं का लाभ सहज एवं पारदर्शी रूप से प्राप्त हो सके। एडीसी प्रदीप कुमार शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविरों की आंतरिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों पर की कार्रवाई की अपडेट रिपोर्ट के साथ बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करे। बैठक के दौरान विभागवार शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की।

### अतुल अध्यक्ष व तरसेम गोयल बने सचिव

**जींद।** भारत विकास परिषद् भूतेश्वर शाखा द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में नई कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण समारोह, परिवार मिलन एवं वृद्धजन सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इसमें समाजसेवी राजीव गोयल मुख्य अतिथि एवं विनीत अग्घी प्रांतीय महासचिव, भारत विकास परिषद्, मध्य प्रांत कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में अतुल गर्ग को अध्यक्ष, तरसेम गोयल को सचिव, केशव गर्ग को कोषाध्यक्ष तथा नीतू गोयल को गतिविधि संयोजक (महिला सहभागिता) का दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम अध्यक्ष एवं भारत विकास परिषद् (मध्य प्रांत) के प्रांतीय महासचिव विनीत अग्घी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।



जींद। कार्यक्रम में मौजूद मुख्यातिथि राजीव गोयल। फोटो :हरिभूमि



जींद। बैठक करते एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

### लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग करें

**जींद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन 2026 के संबंध में निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम रमित यादव ने अपने कार्यालय में 37 उचाना कलां विधानसभा क्षेत्र के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान एसडीएम रमित यादव ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते बताया कि मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटि रहित बनाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे इस महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग करें।

---



शुद्ध एवं ठंडे जल के प्लांट का उद्घाटन करते महाविद्यालय का स्टाफ एवं विद्यार्थी।

### राजकीय कॉलेज में शुद्ध जल के प्लांट का उद्घाटन

**नरवाना।** केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्टाफ के सहयोग से चिल्ड आरओ सिस्टम स्थापित किया गया। इस शीतल पेयजल आरओ सिस्टम का शुभारंभ प्राचार्य डा. मीनू सिंह ने समस्त स्टाफ सदस्यों के साथ कॉमर्स विषय के प्राध्यापक सोनू पांचाल व भौतिक विभाग के अमित धीमन के हाथों करवाया। इस अवसर पर कॉलेज प्रशासन, प्राध्यापकगण तथा विद्यार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते इसे एक महत्वपूर्ण जनहितकारी पहल बताया। कॉलेज प्राचार्या डा. मीनू सिंह ने बताया कि बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की व्यवस्था आवश्यक थी। इसी उद्देश्य से स्टाफ सदस्यों के आर्थिक एवं नैतिक सहयोग से चिल्ड आरओ सिस्टम लगाया है। इससे विद्यार्थियों को पूरे वर्ष स्वच्छ, सुरक्षित तथा ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने कहा कि यह व्यवस्था विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुविधा को ध्यान में रखकर की गई है।

## सूचना प्रधान युग में जानकारी के साथ साथ मूल्यांकन अति महत्वपूर्ण : सिहाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



कार्यशाला में भाग लेते हुए अध्यापक।

आधारशिला विद्यालय के प्रागंण में ज्ञान का सिद्धांत विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। कार्यशाला में मुख्य मार्गदर्शक के रूप में डा. अभिलाषा और डा. संजय कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के माध्यम से विद्यार्थियों में ज्ञान की प्रकृति उसके स्त्रोत तथा ज्ञान प्राप्ति की प्रक्रिया के प्रति उनको जागरूक करना था। कार्यक्रम में वक्ता ने बताया कि ज्ञान का सिद्धांत केवल तथ्यों को जानने तक सीमित नहीं है बल्कि यह समझने का प्रयास है कि हम जो जानते हैं, उसे कैसे जानते हैं। उन्होंने ज्ञान के विभिन्न स्त्रोतों जैसे प्रत्यक्ष, अनुभव, तर्क, शब्दों, अनुमान, स्मृति तथा भावनाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यालय निदेशिका अंजू सिहाग व प्राचार्य सतवीर सिंह गहलावत ने अपने संबोधन में बताया कि आज के सूचना-प्रधान युग में केवल जानकारी प्राप्त करना पर्याप्त नही है बल्कि उसकी सत्यता और विश्वसनीयता का मूल्यांकन करना भी आवश्यक है। उन्होंने सभी शिक्षकों को बताया कि हमें छात्रों को जिज्ञासु, विचारशील, तार्किक चिंतन के लिए प्रेरित करना चाहिए।





जींद। बेटी बचाओ, बेटी पढाओ को लेकर जागरूक करते हुए स्वास्थ्यकर्मी।

### बेटियां समाज की असली शक्तिः मनजीत शर्मा

**जींद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालवा के तहत गांव आसन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत नुक्कड़ सभाओं के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यतः ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, सम्मान एवं अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा समाज में बेटा व बेटी के बीच भेदभाव को समाप्त करने का संदेश देना था। कार्यक्रम को संबोधित करते एमपीएचडब्ल्यू मनजीत शर्मा ने कहा कि बेटियां केवल परिवार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि समाज और देश की प्रगति की मजबूत आधारशिला होती हैं। आज की बेटियां शिक्षा, खेल, प्रशासन, चिकित्सा, विज्ञान राजनीति एवं सेना सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं और देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि समाज को अपनी पुरानी सोच बदलनी होगी तथा बेटा.बेटी में किसी प्रकार का भेदभाव समाप्त करना होगा।

---

### किसान आईडी तथा देशी कपास प्रोत्साहन के लिए किया प्रेरित

# किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। किसानों को जागरूक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र पांडू पिंडारा जींद तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग जींद के संयुक्त तत्वावधान में गांव खटकड़ में खेत बचाओ अभियान के तहत किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला विस्तार विशेषज्ञ मृदा विज्ञान डा. धीरज पंघाल ने किया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक डा. प्रीति मलिक तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के कृषि पर्यवेक्षक अनवर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. धीरज पंघाल ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक एवं असंतुलित प्रयोग तथा जैविक स्रोतों की उपेक्षा के कारण मृदा स्वास्थ्य तेजी से प्रभावित हो रहा है। उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक प्रयोग अपनाने की सलाह देते हुए बताया कि खेत की मिट्टी की जांच के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करने से फसल उत्पादन में वृद्धि लागत में कमी तथा भूमि की उर्वरा शक्ति को लंबे समय तक बनाए रखने में सहायता मिलती है। डा. पंघाल ने संतुलित उर्वरक उपयोग के चार आर सिद्धांत सही उर्वरक, सही मात्रा, सही समय एवं सही स्थान पर विस्तार से जानकारी दी।

#### योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान

उन्होंने हरी खाद के महत्व पर प्रकाश डालते बताया कि ढैंचा और सनई जैसी फसलों को खेत में पलटने से मिट्टी में जैविक कार्बन एवं पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ती है। इसके रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता कम होती है, उत्पादन लागत घटती है तथा मृदा की भौतिक रासायनिक एवं जैविक गुणवत्ता में सुधार होता है। डा. प्रीति मलिक ने किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व एवं वर्तमान परिस्थितियों में इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल कृषि लागत को कम करती है बल्कि मिट्टी जल एवं पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अनवर ने किसानों को विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे मेरी फसल मेरा ब्यौरा, मेरा पानी, मेरी विरासत, धान की सीधी बिजाई, किसान आईडी तथा देशी कपास प्रोत्साहन कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा किसानों से इन योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

## सस्ती दर पर ऑनलाइन लोन का झांसा देकर ठगे एक लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

साइबद ठगों ने सस्ती दर पर ऑनलाइन लोन देने का झांसा देकर एक व्यक्ति का एक लाख 720 रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव कंडेला निवासी महादेव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपने नाम से फेसबुक आईडी बनाई हुई है। गत 25 अक्टूबर को उसने लोन को लेकर एड देखी। जिस पर दो मोबाइल नबर दिए गए थे। संपर्क साधने पर उसकी व्हाट्सअप पर बातचीत होने लगी। जिन्होंने 70 लाख रुपये का आनलाइन लोन करने का झांसा दिया। जिसकी मेंबरशीप के लिए 520 रुपये बैंक खाते लिकं कर आरोपितों की आईडी पर भेज दी। गत पांच जनवरी को उसके पास कॉल आई। जिन्होंने 63 हजार रुपये डालने की बात कही। उसने उसी दिन यूपीआई के माध्यम से डाल दी। जिस पर उसे बताया गया कि आपका 70 लाख लोन पास हो गया है। अब आपको एग्रीमेंट, फाइल फीस के नाम पर 37 हजार 200 रुपये जमा कराने के लिए कहा। जिसके बाद आरोपितों की डिमांड बढ़ती चली गई। जिस पर उसे धोखाधड़ी का संदेह हुआ। आरोपितों ने न तो उसे लोन दिया और न ही जमा करवाई गई राशि वापस लौटाई।

## खबर संक्षेप



### डीसी ने किया विभिन्न विभागों का निरीक्षण

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने शुक्रवार सुबह लघु सचिवालय स्थित विभिन्न विभागों के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति, साफ-सफाई व्यवस्था, रिकॉर्ड तथा आमजन को उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं का अवलोकन किया। डीसी ने खजाना कार्यालय, तहसील कार्यालय व डीसी कार्यालय की विभिन्न ब्रांचों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालय में आने वाले नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। उनके साथ अच्छा व्यवहार किया जाए और उन्हें योजनाओं की पूर्ण जानकारी प्रदान करें। सुनिश्चित करें कि आमजन को किसी एक समस्या के लिए बार बार चक्कर न काटने पड़े। सभी अधिकारी व कर्मचारी कार्यालय में समय पर पहुंचे। ड्यूटी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाएं: डीसी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित एवं सतत पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जलापूर्ति योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव को मजबूत बनाना समय की आवश्यकता है। जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देते हुए प्रशासन, ग्राम पंचायतों, जल समितियों और आमजन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। डीसी अपराजिता शुक्रवार को जिला सचिवालय में आयोजित जिला जल एवं सीवरेज मिशन की पांचवीं बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। बैठक में ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव से जुड़े विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा मिशन की प्रगति पर चर्चा की गई।

### कलायत में हुई भाजपा की संगठनात्मक बैठक

**कलायत।** भाजपा ने 2029 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों को लेकर संगठनात्मक गतिविधियों को तेज कर दिया है। शुक्रवार को कलायत अनाज मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा ने की। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी और विधानसभा प्रभारी एवं देवेंद्र अत्री ने भाग लिया। कार्यक्रम में मंडल पदाधिकारियों, बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र प्रमुखों, पार्टी कार्यकर्ताओं, नगर पालिका, पंचायत, ब्लॉक समिति और पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

### ठेके से नकदी व शराब चोरी के 4 आरोपी काबू

**कैथल।** पुलिस ने गांव छोत स्थित एक शराब ठेके से नकदी और शराब चोरी होने के मामले में 4 आरोपियों को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव छोत निवासी मोतीलाल सिंह उर्फ मोतु कि शिकायत अनुसार उसने गांव छौत में स्कोच टैप चिल्लर के नाम से शराब का ठेका लिया हुआ है। 31 मई की रात करीब 10 बजे उसका सेल्समैन गांव छोत निवासी सुमित कुमार ठेका बंद करके अपने घर चला गया था। अगली सुबह 1 जून को जब सुमित ठेके पर पहुंचा तो उसने देखा कि ठेके की दीवार पर लगी खिड़की टूटी हुई थी।

### जागरूकता कार्यक्रम से समाज को दिया संदेश

**राजौंद।** उप स्वास्थ्य केंद्र बीर बागड़ा की ओर से 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मचारी रामनिवास, सीमा देवी और चंद्रकला ने संयुक्त रूप से लोगों को अभियान के प्रति जागरूक किया। बताया कि बेटियां परिवार, समाज और राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं। उन्हें शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसर प्रदान करना हम सभी का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना, लिंगानुपात में सुधार लाना है।

## नियम तोड़ने वालों के खिलाफ करें सख्त कार्रवाई : सीईओ

*जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की हुई बैठक*

*जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें*

# मेडिकल स्टोरों की नियमित निगरानी करें: सुरेश राविश

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश ने कहा कि जिले के सभी मेडिकल स्टोर पर कड़ी निगरानी रखें। समय समय पर चेकिंग अभियान चलाएं और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाएं। जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा ड्रग कंट्रोल ऑफिसर सहित अन्य विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें। जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश जारी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ चल रही मुहिम को ओर अधिक प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि यदि कहीं नशे से संबंधित गतिविधियों की जानकारी मिले तो बिना डर प्रशासन को सूचित करें, उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी। सीईओ सुरेश राविश ने कहा कि विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारी समय-समय पर ग्राम पंचायतों की बैठक में नशे को लेकर ग्रामीणों को जागरूक करें और संबंधित विभागों के अधिकारियों से इस संदर्भ में पूरी रिपोर्ट प्राप्त करें। ग्रामीणों में विश्वास पैदा करते हुए उन्हें नशे के बारे में गुप्त सूचना देने के लिए कहें। ग्राउंड लेवल पर ग्राम पंचायतों को अधिक गहनता से जानकारी होती है, जिनकी सूचना के आधार पर जिला प्रशासन आवश्यक कार्रवाई करेगा। ड्रग कंट्रोल ऑफिसर द्वारा गत माह में नियमों का उल्लंघन करने वाली 18 लाइसेंस सस्पेंड किए तथा करनाल रोड स्थित अंबेडकर कालोनी में एक दुकानदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस अवसर पर जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश, डीएसपी सुशील प्रकाश, डीएसपी गुरविंद्र सिंह, डीडीपीओ रितु लाठर, सीएमओ डॉ. रेणु चावला, जेल अधीक्षक अशोक कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



**कैथल।** जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### नशा मुक्ति केंद्रों की नियमित चेकिंग करें

सीईओ सुरेश राविश ने कहा कि संबंधित विभाग प्राइवेट व सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों की नियमित चेकिंग करें। इन केंद्रों के माध्यम से नशे की दंश में फंसे लोगों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जाए। साथ ही उन्हें बेहतर जीवन के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। बैठक में पुलिस विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि गत महीने में 24 केस दर्ज किए गए हैं। हॉट स्पॉट क्षेत्रों में पुलिस विभाग पूरी निगरानी बनाए हुए है और अतिरिक्त टीमें भी नियुक्त की गई हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि नशे के खिलाफ एक मुहिम चलाकर फ्लेक्स व अन्य माध्यमों से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। गांवों व शहरों में जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं। गांवों के बस स्टैंड और सार्वजनिक स्थलों पर नशा मुक्ति केंद्रों, अस्पतालों और हेल्पलाइन नंबरों से संबंधित सूचना बोर्ड लगाए जाएं।



**कैथल।** हारट्रोन एडवांस्ड स्किल सेंटर में कार्यशाला के दौरान विद्यार्थी।

## एआई विशेषज्ञ साहिल ढुल ने विद्यार्थियों को किया प्रेरित

- विद्यार्थियों को एप और वेबसाइट बनाना सिखाया

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

अंबाला रोड स्थित हारट्रोन एडवांस्ड स्किल सेंटर, कैथल में हाल ही में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विषय पर एक इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेंटर हेड डा. बलविंद्र ढुल ने उद्यमी एवं टेक्नोलॉजिस्ट साहिल ढुल का स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को साहिल का परिचय कराते हुए एआई के प्रभावी उपयोग और इसके माध्यम से एप्लीकेशन व वेबसाइट विकसित करने के तरीकों की जानकारी दी। साहिल ढुल ने हारट्रोन सेंटर के कुशल प्रबंधन, शैक्षणिक वातावरण, क्वालिफाइड फैकल्टी और होनहार विद्यार्थियों की एआई के प्रति जिज्ञासा की सराहना की। बता दें कि साहिल ढुल भारतीय प्रौद्योगिकी संस्था (आईआईटी) कानपुर से कंप्यूटर साइंस में स्नातक हैं। उनके नाम मशीन लर्निंग और ह्यूमन-कंप्यूटर इंटरेक्शन (एचसीआई) क्षेत्र में एक शोध पत्र और पेटेंट भी दर्ज है। लगभग नौ वर्षों के अनुभव के साथ उन्होंने एडोब रिसर्च और कोहेसिटी जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में भारत और अमेरिका के बे एरिया में कार्य किया है इसके बाद उन्होंने अपनी स्टार्टअप की स्थापना की, जो प्रोएक्टिव एआई एजेंट्स पर आधारित थी और जिसे अंतरराष्ट्रीय निवेशकों का समर्थन भी मिला। वर्तमान में वे एआई युग के लिए योग्य इंटरफेस पर कार्य कर रहे हैं।

### तकनीक से न डरें

साहिल ढुल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में तकनीक से डरने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा, "जिज्ञासा ही सबसे महत्वपूर्ण है, बाकी सब केवल बहाने हैं।" उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वे एआई को सीखने और प्रयोग करने से न हिचकें।

## बीएलओ, सुपरवाइजर व एईआरओ को दिया प्रशिक्षण

- मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए 15 जून से शुरू होगा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

मतदाता सूची को अधिक सटीक, नवीनतम और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत गुहला विधानसभा क्षेत्र के 199 बीएलओ, सुपरवाइजरों और सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण शिविर में मतदाता सत्यापन, गणना प्रपत्र भरवाने तथा डाटा अपडेशन से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। चुनाव कानूनगो राजकुमार ने बताया कि 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके दौरान बीएलओ क्षेत्रों में जाकर मतदाताओं से संपर्क करेंगे। प्रत्येक मतदाता से दो प्रतियों में गणना प्रपत्र भरवाया जाएगा तथा दस्तावेजों का सत्यापन भी किया जाएगा। बीएलओ को निर्देश दिए गए कि गणना प्रपत्रों पर मतदाताओं की नवीनतम पासपोर्ट फोटो अनिवार्य रूप से लगवाई जाए। साथ ही ऐसे मतदाताओं की पहचान की जाए, जिसका रिकॉर्ड अभी तक वर्ष 2002 की मतदाता सूची से लिंक नहीं हो पाया है।



**कैथल।** शिविर में प्रशिक्षण लेते के बीएलओ, सुपरवाइजर और एईआरओ।

## 100 छात्राओं के लिए 100% छात्रवृत्ति की घोषणा

- एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल ने शिक्षा के क्षेत्र में नया मील का पत्थर स्थापित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर स्थापित करते हुए ,विश्वविद्यालय ने छात्राओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एचइआर स्कोलरशिप योजना भी लॉन्च की है, जिसके तहत 100 मेधावी छात्राओं को 100% ट्यूशन फीस पर छात्रवृत्ति दी जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर देवेंद्र सिंह ढुल ने आज एक पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि यह कैंपस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और आधुनिक तकनीकों से लैस है, जो छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेगा।

विश्वविद्यालय का यह कदम हरियाणा को शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएगा। चयनित 100 छात्राओं के लिए पूरी फीस माफ, न्यूनतम 85% अंक प्राप्त करने वाली छात्राएं आवेदन कर सकती हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 11 जून 2026 है।

योग्य छात्राएं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर आवेदन करें या फिर विश्वविद्यालय प्रांगण में आकर भी आवेदन कर सकते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. आर के गुप्ता, विश्वविद्यालय जन संपर्क अधिकारी डॉ मनोज कुमार, विश्वविद्यालय दाखिला निदेशक राजेंद्र गोयत, विश्वविद्यालय अध्यक्ष दाखिला शाखा डॉ सुमन भुक्कल विशेष रूप से उपस्थित रहे।



**कैथल।** जानकारी देते विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर देवेंद्र सिंह ढुल।

### बेटियों को अवसर प्रदान करना उद्देश्य

विश्वविद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इसका उद्देश्य लड़कियों को उच्च शिक्षा के समान अवसर प्रदान करना और उन्हें एआई और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आगे बढ़ाना है। यह योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को भी मजबूती देगी।



**कैथल।** समाजसेवी नाथी राम प्रजापति व दया आर्य योग शिविर का शुभारंभ करते हुए तथा योगासन करते साधक। *फोटो: हरिभूमि*

## योग से होता है नई ऊर्जा का संचरण: नाथी राम प्रजापति

**कैथल।** सेक्टर 20 हुड्डा पार्क में चल रहे शह योग प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन का शुभारंभ पूर्व एसडीओ समाजसेवी नाथी राम प्रजापति व दया आर्य ने दीप प्रज्वलित करके किया। नाथीराम प्रजापति ने कहा की इस भाग दौड़ तनाव भरे जीवन में हमारी पुरातन विरासत योग ही एक ऐसा माध्यम है जो हमें सभी बीमारियों से सुरक्षित रखता है इसलिए हमें नियमित योग अवश्य करना चाहिए। दया आर्य ने कहा कि हमें शुक्रगुजार होना चाहिए परम पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज का जिसने हमें ऋषि दयानंद व महर्षि पतंजलि की शिक्षाओं के बारे में जागरूक किया। पूरे समाज को शारीरिक ही नहीं मानसिक रूप से स्वस्थ किया और पूरे भारतवर्ष ही नहीं पूरे विश्व में योग का प्रचार किया। भारत स्वाभिमान प्रभारी रामचरण व युवा जिला प्रभारी अनिल गुप्ता ने बताया कि योग से हमारी जीवनी शक्ति बढ़ती है। हमारा मानसिक विकास होता है तनाव घटता है साहस बढ़ता है। नई ऊर्जा का संचरण होता है। अनुलोम विलोम का अभ्यास करने से हमारे फेफड़े मजबूत बनते हैं नई कोशिकाओं का निर्माण होता है। आंखों की ज्योति बढ़ती है स्मरण शक्ति में सुधार होता है हृदय हमारा स्वस्थ हो जाता है।

## शिकायतों का जल्द समाधान करें अधिकारी

- प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

डीसी अपराजिता ने कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और उनका समयबद्ध समाधान किया जाए। प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए सभी अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की गंभीरता से पालना सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक शिकायत का तय समय सीमा में निपटान करें तथा उसकी रिपोर्ट पोर्टल पर समय पर अपलोड की जाए।

डीसी अपराजिता शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने विभाग अनुसार एक-एक करके सभी पेंडिंग शिकायतों की समीक्षा की और अधिकारियों को सभी शिकायतों का प्रभावी समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीसी ने नागरिकों की समस्याएं भी सुनी। उन्होंने कहा कि जिला व उपमंडल स्तर पर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाता है।



**कैथल।** डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

### आपसी तालमेल से काम करें अफसर

इस दौरान इन शिविरों में सभी विभागों के अधिकारी एक स्थान पर मौजूद रहते हैं, ताकि नागरिकों की समस्याओं सुनकर जल्द समाधान करवाया जा सके। जिला के नागरिकों को भी इन समाधान शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याएं रखनी चाहिए। डीसी अपराजिता ने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम हैं। सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शिविरों में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को सरकारी सेवाओं का लाभ सरलता से मिल सके। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद सुरेश राविश, डीएमसी कपिल शर्मा, ईओ एचएसवीपी वकील अहमद, शुगर मिल एमडी कृष्ण कुमार, सीटीएम कैप्टन प्रमेश कुमार, डीएसपी गुरविंद्र सिंह, डीडीपीओ रितु लाठर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज शेरगढ़ में लगाया योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर



**कैथल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 की तैयारियों के तहत आयुष विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा जिलेभर में योग जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, शेरगढ़ में विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों के लिए सामान्य योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को योग के विभिन्न आसनों और प्राणायाम का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। योग प्रशिक्षक विवेक कुमार, सर्जन सिंह और संदीप चहल ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ को सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, वृक्षासन, भद्रासन, वज्रासन, शशांकासन, भुजंगासन और मकरासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास करवाया। साथ ही कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी तथा ध्यान की विधियों की भी जानकारी दी गई। कॉलेज के प्रधानाचार्य कुलवीर सिंह अहलावत ने विद्यार्थियों और स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत है।

### जनमत संग्रह के आधार पर हो सीवन की भावी व्यवस्था का निर्णय

**सीवन।** प्रमुख समाजसेवी एवं सरपंच प्रतिनिधि अमरिंदर सिंह खारा ने कहा कि सीवन की भावी प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर सरकार को जनभावनाओं का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने मांग की कि क्षेत्र में जनमत संग्रह करवाकर लोगों की राय जानी जाए और भविष्य में होने वाले चुनाव उसी आधार पर कराए जाएं। खारा ने कहा कि सीवन से करीब आठ किलोमीटर दूर कैथल में नगर परिषद तथा लगभग पंद्रह किलोमीटर दूर चीका में नगर पालिका कार्यरत है। ऐसे में सीवन की जनता की इच्छा भी जानना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता की राय सर्वोपरि होती है और किसी भी बड़े निर्णय में जनभावनाओं को महत्व दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका बनने के बाद लोगों पर विभिन्न प्रकार के कर और शुल्क लागू हुए हैं।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार साहिब जीन्द।**

**मनके सुरेन्द्र पुत्र स्व. श्री ऋषिराम पुत्र श्री रामस्वरूप जो कि म. नं. 1197/24 न्यू कृष्णा कालोनी, जेल के पीछे जीन्द**

**बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता जी स्व: श्री ऋषिराम पुत्र श्री रामस्वरूप म०नं० 1197/24 न्यू कृष्णा कालोनी, जेल के पीछे जीन्द का देहान्त दिनांक 26.10.2023 को हो चुका है। इनकी मृत्यु के पश्चात इनके निम्नलिखित वारिस हैं :-

1. इन्द्रो देवी पत्नी, 2. सुरेन्द्र पुत्र, 3. पिन्की पुत्री, 4. सुष्मा पुत्री

इनके अलावा उक्त मृतक का दीगर वारिस नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने अपना शपथ पत्र भी प्रस्तुत कर दिया है। इसलिए हर आम व खास को नोटिस / इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताए गए वारसान / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक या एतराज हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय के कार्यदिवस पर अपना एतराज प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 05.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/- न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार साहिब जीन्द।**

**पहल** डीसी अपराजिता की मुहिम पर बैठक में हुआ विचार-विमर्श

# 'प्यारी बेटी मुहिम' बनेगी बेटियों के लिए प्रेरणा

- 20 गांवों से सफलता हासिल करने वाली बेटियों व सरपंचों ने लिया बैठक में भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

डीसी अपराजिता द्वारा शुरू की गई प्यारी बेटी मुहिम के तहत जिला सचिवालय सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें जिले के 20 चयनित गांवों (10 बेहतर लिंगानुपात वाले तथा 10 निम्न लिंगानुपात वाले गांव) से अलग-अलग क्षेत्रों में सफलता हासिल करने वाली बेटियों ने भाग लिया। हर गांव से तीन से चार बेटियां ने बैठक में भाग लिया। जहां सीईओ जिला परिषद सुरेश राविश ने डीसी अपराजिता द्वारा शुरू की गई प्यारी बेटी मुहिम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सुरेश राविश ने कहा कि प्यारी बेटी मुहिम आने वाले समय में बेटियों के लिए प्रेरणा बनेगी। इसका उद्देश्य गांव में बेटियों को आगे बढ़ाना है। एक गांव में कोई बेटी किसी क्षेत्र में सफलता हासिल करती है तो अन्य बेटियां उससे प्रेरणा लेंगी। इसके लिए उस गांव में उस बेटी को रोल मॉडल बनाया जाएगा। जो गांव में सरकार के जागरूकता अभियानों में सहयोग करेंगी। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात में सुधार के लिए डीसी अपराजिता ने यह सराहनीय पहल शुरू की है। इसके तहत हर गांव से रोल मॉडल बेटियों का चयन किया जाएगा, ताकि अन्य बेटियां उनसे प्रेरणा ले सकें और लिंगानुपात में सुधार लाया जा सकता है। सीईओ जिला परिषद ने कहा कि यह विषय उन्हें काफी अच्छा लगता है, क्योंकि उनकी स्वयं की दो बेटियां हैं। बेटियां किसी भी फील्ड में कम नहीं हैं। आज हर क्षेत्र में बेटियां उत्कृष्ट सफलता हासिल कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पंचायतें इस बात का ध्यान रखें कि कोई बेटी गरीबी के कारण पढ़ नहीं पा रही है तो उसकी मदद करें, क्योंकि कड़ी से कड़ी जुड़कर बेहतर समाज बनता है। हमें अपनी क्षमता अनुसार एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए।



**कैथल।** जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### बेटियों को दी अभियान की जानकारी

इस पूरी मुहिम को आगे बढ़ाने में जुटीं डीडीपीओ रितु लाठर व सीएमओ डा. रेनू चावला ने बेटियों को पूरे अभियान की विस्तार से जानकारी दी। डीडीपीओ ने कहा कि डीसी महोदया के निर्देशानुसार ये बेटियां चार दिनों में अपनी उपलब्धि बारे लेख लिखकर सरपंच के माध्यम से डीडीपीओ कार्यालय में दे दें ताकि उन्हें प्रकाशित करवाया जा सके। सीएमओ डा. रेनू चावला ने बेटियों का हौसला बढ़ाया और उन्हें बधाई दी कि उन्होंने अपनी उपलब्धि के तौर पर इस योजना के तहत अपना चयन करवाया है।

## खबर संक्षेप

### पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**गुहला-चीका।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अगोंध में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। प्रधानाचार्य संजय सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज और पर्यावरण के हित में किए गए कार्यों में सहयोग देना हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर करवाई पेंटिंग प्रतियोगिता

**पूण्डरी।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पूण्डरी में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राजनीति विज्ञान प्राध्यापक रणबीर सिंह ने कहा कि पर्यावरण मानव जीवन का आधार है। कार्यक्रम अधिकारी सुनील दत्त आत्रेय ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक दिवस मनाने का अवसर नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति आजीवन संकल्प लेने का दिन है। इस अवसर पर 11 पाम और अशोक के पौधे भी लगाए। कक्षा दसवीं की छात्रा लवली, मुस्कान कक्षा ग्यारहवीं की छात्र मोहित, रवि कुमार, गुरमीत और नरेश कुमार ने पौधों के परवरिश की शपथ ली।

### ब्रह्माकुमारीज ने पर्यावरण रैली निकाली

**नरवाना।** गैबी साहब के महंत अजय गिरी महाराज एवं अध्यक्षा बीके सीमा बहन ने हरी झंडी दिखा कर पर्यावरण जागरूकता रैली को ओम शांति कॉलोनी स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र से रवाना किया। पर्यावरण संबंधी नारों से शहर की गलियों एवं मुख्य मार्गों पर लोगों को पर्यावरण संदेश दिया गया। बीके रेणु एवं बीके पूजा के नेतृत्व में रैली नेहरू पार्क पहुंची। नेहरू पार्क में विशिष्ट अतिथि एवं कृषि विभाग के सेवा निवृत एसडीओ कुलदीप शर्मा दंपति, बीके सीमा बहन, तिलकराज ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य लोग एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

## पर्यावरण संरक्षण मानव जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता : राजेश वशिष्ठ

# पहला कदम फाउंडेशन और ग्राहक पंचायत ने पौधे बचाने की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पहला कदम फाउंडेशन एवं अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों, महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा पौधारोपण कर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।

पहला कदम फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण मानव जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। बढ़ते प्रदूषण, पेड़ों की कटाई और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण पर्यावरणीय संतुलन लगातार बिगड़ रहा है। यदि हम आज पर्यावरण के प्रति सजग नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध नहीं हो पाएगा। उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी देखभाल भी करें ताकि भविष्य की पीढ़ियां खुली एवं स्वच्छ हवा में सांस ले सकें। राजेश वशिष्ठ ने बताया कि इस संयुक्त कार्यक्रम के आयोजन में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के पर्यावरण जिला समन्वयक मांगेराम वशिष्ठ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने पर्यावरण जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों एवं नागरिकों को एक मंच पर लाने का कार्य किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए अपने जीवन में पर्यावरण हितैषी आदतों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण बच्चों द्वारा आयोजित ड्राइंग एवं पेंटिंग गतिविधियां रहीं। कार्यक्रम में उपस्थित एडवोकेट नरेंद्र अत्री ने कहा कि पहला कदम फाउंडेशन सदैव सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर कार्य करता रहा है।



**जींद।** पर्यावरण बचाओ का संदेश देते हुए सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### मुहिम को निरंतर बढ़ाया जाएगा

महिला सदस्यों ने विश्वास दिलाया कि वे भविष्य में भी पर्यावरण बचाने की इस मुहिम को निरंतर आगे बढ़ाती रहेंगी। महिला टीम की सदस्य उषा, अर्चना एवं रेखा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण को जन-जन तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। आयोजकों ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा ही मानव जीवन की सुरक्षा है और प्रत्येक नागरिक को इस दिशा में अपना योगदान अवश्य देना चाहिए।


**पूंडरी।** विधायक सतपाल जांबा पौधरोपण करते हुए फोटो : हरिभूमि

## विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में जुटे लोग

■ फतेहपुर-पुंडरी फॉरेस्ट रेंज में किया पौधारोपण

**पूंडरी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हरियाणा वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत फतेहपुर-पूंडरी फॉरेस्ट रेंज में एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूंडरी के विधायक सतपाल जाम्बा ने वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अपने साथियों के साथ मिलकर पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में पौधे लगाए गए तथा लोगों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया। पूरे कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और उत्साह का माहौल देखने को मिला। जांबा ने कहा कि "एक पेड़ केवल वृक्ष नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण, हरियाली और बेहतर भविष्य की नींव है। आज हमें प्रकृति के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है।" उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान जनआंदोलन का रूप ले रहा है।



## आईटीआई कैथल में पौधरोपण कर विचार गोष्ठी में किया जागरूक

**कैथल।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैथल में एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा विचार गोष्ठी एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध उद्योगपति नरिद्र मिगलानी एवं संस्थान के प्रधानाचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी राजकीय आईटीआई कैथल सतीश मच्छाल ने पौधारोपण अभियान की शुरुआत करते हुए संस्थान परिसर में पांच छायादार पौधे लगाए। इस अवसर पर एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी शमशेर सिंह, रणधीर ढांडा, नरेश कुमार, अशोक कुमार, उमेश धीमान, रोहित आदि उपस्थित थे।




## विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

**जींद।** विश्व पर्यावरण दिवस पर हरियाणा लैदर केमिकल लिमिटेड में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जींद के एसडीओ अनिल कुमार ने पौधारोपण कर पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। उनके साथ कंपनी के मुख्य प्रबंधक नरेश शर्मा और अन्य कर्मचारियों ने भी पौधारोपण किया और पौधों के पेड़ बनने तक उनकी देखभाल करने की शपथ ली। एसडीओ अनिल कुमार ने कहा कि प्रकृति संरक्षण का भी उतना ही महत्व है, जितना मानव जीवन का। इसके लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और पेड़ों की रक्षा उसी तरह करनी चाहिए। हमारे आसपास का वातावरण, पेड़ पौधे, पशु, पक्षी, हवा, पानी अर्थात संपूर्ण प्रकृति चाहे वह जड़ हो या चेतन, शुरू से ही मनुष्य का प्रकृति से गहरा संबंध रहा है।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर राजौंद थाने में रोपी त्रिवेणी

**राजौंद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सामाजिक सरोकारों में अग्रणी संस्था सर्व कल्याण मंच द्वारा राजौंद थाना परिसर में त्रिवेणी (नीम, पीपल और बरगद) का रोपण किया गया। संस्था के संस्थापक एवं मार्गदर्शक नवीन कौशिक की प्रेरणा से आयोजित इस कार्यक्रम में पारंपरिक, पूजनीय एवं औषधीय गुणों से युक्त त्रिवेणी के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर मंच के वरिष्ठ सदस्य विकास शर्मा रोहेड़ा, कपिल दीक्षित, अंकुश हिंदू और अमन शर्मा रोहेड़ा ने विशेष रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पौधों को मिट्टी और जल अर्पित कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। उन्होंने सर्व कल्याण मंच की विचारधारा और सामाजिक-पर्यावरणीय कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण और बेहतर जीवन प्रदान करेंगे।

### जुलाना एसडीएम ने किया पौधरोपण

**जींद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जुलाना के एसडीएम होशियार सिंह ने शुक्रवार को तहसील कार्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कर्मचारियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। एसडीएम होशियार सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक पौधा केवल हरियाली ही नहीं बढ़ाता बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण की नींव भी रखता है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर चिकित्सकों ने नागरिक अस्पताल में रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमओ डा. सुमन कोहली ने की। कार्यक्रम में डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया, डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल, वरिष्ठ दंत चिकित्सक डा. दिनेश सहित अन्य स्टाफ स्वास्थ्यकर्मियों ने पौधारोपण किया।

डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने कहा कि ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए पॉलीथिन का प्रयोग नहीं करना चाहिए। पॉलीथिन से पर्यावरण के साथ-साथ जमीन भी दुषित होती है। ऐसे में हमारी प्रकृति की सुंदरता पेड़-पौधों पर निर्भर है। मनुष्य के जीवन में पेड़ों का महत्व जल बिन मछली जैसा है।

पेड़-पौधे हमें प्राकृतिक आपदाओं से बचाते हैं। मनुष्य कार्बन-डाइ-ऑक्साइड छोड़ते है, जो पौधे सोख लेते हैं। डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया ने कहा कि पौधा लगाने से काम समाप्त नहीं हो जाता। जब तक पौधा पेड़ का रूप नहीं ले लेता, तब तक उसकी देखभाल जरूरी है।


**जींद।** नागरिक अस्पताल पार्क में पौधा रोपते हुए डा. रमेश पांचाल।

### पर्यावरण संरक्षण समय की जरूरत

**जींद।** संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय जींद में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक के कुशल मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है तथा प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने और पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## विधायक ने त्रिवेणी लगाकर दिया पर्यावरण को बचाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

विश्व पर्यावरण दिवस पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा त्रिवेणी लगा कर पौधरोपण करने का संदेश दिया। विधायक ने संस्कृत श्लोक छायामन्यस्य कुर्वन्ति तिष्ठन्ति स्वयमातपे, फलान्यपि परार्थाय वृक्षाः सत्पुरुषा इव। अर्थात वृक्ष स्वयं धूप में खड़े रहकर दूसरों को छाया देते हैं और अपने फल भी औरों को समर्पित करते हैं। वृक्ष वास्तव में सत्पुरुष के समान हैं। के माध्यम से पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। अत्री ने कहा कि व्यष्टि, समष्टि, सृष्टि तथा परमेष्ठी से एकात्म हुआ जीव ही मानव है। प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन की परिकल्पना को एक पेड़ मां के नाम अभियान ने साकार किया है।

आज यह पहल हरित और सुंदर भारत का आधार बनी है। पृथ्वी हमारी मां है और इसकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। एक पौधा केवल पेड़ नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण और बेहतर भविष्य का आधार है। आप भी अपने घर, गांव और आसपास के क्षेत्रों में पौधारोपण करें तथा पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान में बढ़चढ़कर हिस्सा लें। हमसब मिलकर हरियाली बढ़ाएं और प्रकृति को सुरक्षित रखने का संकल्प लें।


**उचाना।** विश्व पर्यावरण दिवस पर त्रिवेणी लगाते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

## पर्यावरण संरक्षण हमारा नैतिक दायित्व : संजय सिंह

**गुहला चीका।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अगोंध में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था।



विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय सिंह ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का संदेश दिया। इस अवसर पर बूटा सिंह, टीजीटी पंजाबी, कुलवंत सिंह तथा कृष्ण कुमार ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में विशेष योगदान दिया।

कार्यक्रम में अनेक दानी सज्जनों ने पौधों एवं अन्य आवश्यक सामग्री का सहयोग प्रदान किया, जिसके लिए विद्यालय परिवार ने उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यरत वॉलंटियर्स भी उपस्थित रहे तथा उन्होंने पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला।

## भारत विकास परिषद् केशव शाखा ने के पौधरोपण कर फैलाई जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

भारत विकास परिषद केशव शाखा द्वारा शहर व गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल, इस्माइलपुर तथा नेहरू पार्क में पौधारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाखा अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, सचिव नाथूराम गोयल एवं कोषाध्यक्ष अभिनव गुप्ता के मार्गदर्शन में नेहरू पार्क में 101 औषधीय पौधों का वितरण किया गया। साथ ही गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल, इस्माइलपुर में 40 पौधे रोपित किए गए। विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का नेतृत्व शाखा संयोजक पर्यावरण पंकज चौधरी ने किया। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर राम अवतार बंसल सहित शाखा के कर्मठ कार्यकर्ता सौरभ चौधरी, भूपेश (रिंकू), पवन सिंगला, राहुल सिंगला, पंकज खट्टर, सतीश सेतिया, सुमित शर्मा, संजय चौधरी एवं सुरेश मित्तल उपस्थित रहे।

वहीं, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा में इको क्लब के तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने विद्यार्थियों के साथ विद्यालय परिसर में पौधे रोपण किए और सभी देशवासियों को को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दी।


**नरवाना।** पौधा रोपण करते हुए भारत विकास परिषद् केशव शाखा के सदस्य।

## किछाना में 'खेत बचाओ अभियान' के तहत किसानों को किया जागरूक

**राजौंद।** भारत सरकार के माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रारंभ किए गए "खेत बचाओ अभियान" के अंतर्गत हरियाणा राज्य के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा 1 जून से 30 जून 2026 तक किसानों के लिए व्यापक जन-जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान का उद्देश्य कृषि भूमि की उर्वरता को बनाए रखना, उत्पादन लागत को कम करना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना तथा किसानों को टिकाऊ एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इसी कड़ी में गांव किछाना में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र, कैथल द्वारा किसान गोष्ठी एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। मुख्य वैज्ञानिक डॉ. रमेश चंद्र वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड आधारित उर्वरक प्रबंधन व वैकल्पिक खादों की जानकारी दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**सेहत** नागरिक अस्पतालों, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हो रही जांच

# हरियाणवियों में एनीमिया की पहचान के लिए स्वास्थ्य विभाग ने छेड़ा अभियान

रक्त जांच के लिए स्वास्थ्यकर्मियों को उपलब्ध करवाई विशेष मशीनें

■ जिन लोगों में मिल रही रक्त की कमी, उन्हें दी जा रही दवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देश तथा प्रदेश को एनीमियामुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एनीमियामुक्त भारत अभियान की शुरुआत की है। अभियान के तहत जिलेभर के नागरिक अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सब सेंटर व आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्वास्थ्यकर्मी विशेष रूप से रक्त की जांच कर रहे हैं। इसके लिए स्वास्थ्यकर्मियों को विशेष मशीन उपलब्ध करवाई गई है। जो चंद सेकेंड में ही मानव शरीर में रक्त की स्थिति के बारे में बता देती है। जांच में जिन लोगों में खून की कमी पाई जाती है, उन्हें मौके पर ही दवा दी जा रही है। इस अभियान का मकसद शहर से ग्रामीण स्तर तक बच्चों से लेकर बड़ों तक को आयरन की पूरक मात्रा देना है। किशोरावस्था में निरंतर शारीरिक एवं मानसिक बदलाव होते हैं, इसलिए इस दौरान पौष्टिक खान-पान की अधिक जरूर पड़ती है ताकि एनीमिया एवं कुपोषण से बचा जा सके। एनीमिया एवं कुपोषण से बचने के लिए जरूरी है कि आयरन और विटामिन बी 12 से भरपूर संतुलित व पौष्टिक आहार किया जाए।


**जींद।** नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग के मुख्य गेट पर जांच के लिए बैठाई गई टीम।

### नई बिल्डिंग के मेन गेट पर कर रहे जांच

स्वास्थ्य विभाग ने नागरिक अस्पताल के मुख्य गेट पर ही जांच के लिए टीम को बैठाया है। टीम द्वारा प्रतिदिन अस्पताल में आने वाले मरीजों की जांच की जा रही है। जांच में जिन भी मरीजों में रक्त की कमी पाई जाती है, उसका तुरंत प्रभाव से चिकित्सकों के संज्ञान में लाया जाता है। नागरिक अस्पताल में दो जून को कुल 86 लोगों, तीन जून को 80, चार जून को 50 व पांच जून को 40 से अधिक लोगों की जांच की गई। अबतक तीन महिलाएं ऐसी मिली, जिनमें पांच से सात ग्राम ही खून था।

### झुग्गी झोपड़ियों व भट्ठों पर भी चलेगा अभियान

स्वास्थ्य विभाग की टीमें खासकर बच्चों व गर्भवति महिलाओं में रक्त की कमी को लेकर जांच कर रही हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की टीमें अलग-अलग आंगनवाड़ी केंद्रों पर भी पहुंचेंगी। रक्त की कमी पाए जाने पर आयरन फोलिक एसिड की गोलियां दी जा रही हैं। प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि एनीमिया मुक्त अभियान का मकसद ग्रामीण स्तर तक बच्चों से लेकर बड़ों तक आयरन की पूरक मात्रा देना है।

### हरसौला के खिलाड़ियों को दी क्रिकेट किट

**कलायत।** सांसद नवीन जिन्दल की तरफ से कलायत विधानसभा के गांव हरसौला में युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से क्रिकेट किट का वितरण किया गया। इस सौगात से खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला। सांसद के कैथल कार्यालय प्रभारी रविंद्र धीमान ने जानकारी देते हुए बताया कि सांसद नवीन जिन्दल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को खेलों के लिए समान अवसर और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है। सांसद नवीन जिन्दल का यह प्रयास युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों की ओर प्रेरित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर हल्का प्रभारी वीरेंद्र सारण, बलवान सिंह सरपंच, महाबीर सिंह, विकास ढुल, उमेश ढुल, राहुल, राजकुमार, मांगे राम, अनिल कोच और खिलाड़ी उपस्थित रहे।